देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 230 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
जिम्मेदारी किसकी




# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024




मौसम अधिकतम 19.0° न्यूनतम 09.0°

82924.41

2 पाक सुरक्षा बलों ने चलाया अभियान
7 कोहली की मीडिया के बीच तीखी बहस

# संसद परिसर में धक्का–मुक्की

## राहुल गांधी के खिलाफ हत्या की कोशिश के तहत शिकायत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने भाजपा के सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर संसद मार्ग थाने पहुंचे हैं। बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके बीच धक्का–मुक्की भी हुई।

भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्कामुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का–मुक्की की।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। हमने शिकायत में घटना का जिक्र किया है। जो आज संसद परिसर में हुई। जहां एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। हमने शिकायत में धारा 109, 115, 117, 125, 131, 117 और 351 का जिक्र किया है और साथ ही धारा 109 (हत्या की कोशिश) के तहत शिकायत दी है। वहीं, शिकायत दर्ज करवाने गईं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, रवैया न केवल अभद्र है बल्कि आपराधिक भी है और इसीलिए हम पुलिस स्टेशन में आए हैं और शिकायत दर्ज कराई है। आप बहुत शांतिपूर्ण तरीके से संसद में प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन राहुल ने अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा हो रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की की खबर आई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। उन्हें आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पीएम मोदी ने फोन पर सांसदों का हालचाल जाना है।

### बीजेपी की सांसद ने लगाए आरोप

नागालैंड से बीजेपी की राज्यसभा सदस्य पी कोनयाक ने राहुल गांधी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। कोनयाक ने इस संबंध में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि लोस में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार किया।



### आज जो हुआ वो कल्पना के परेः शिवराज सिंह चौहान

कांग्रेस की ओर से आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा सांसद मीडिया के सामने आए। हम सोच रहे थे कि वो संसद में उनके द्वारा किए गए कुकृत्य की क्षमा मांगेंगे, लेकिन उन्होंने क्षमा नहीं मांगी। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी एक आदिवासी सांसद बहन श्रीमती कोन्याक ने जो कुछ कहा है, वो सुनकर व्यथा से हम भर जाते हैं। क्या महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा, क्या उनके इतने निकट पहुंचे कि वो असहज हो जाएं। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया।

### क्या है मामला ?

गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के मकर द्वार के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। दरअसल, अमित शाह की टिप्पणी को लेकर संसद के दोनों सदनों में बुधवार से गतिरोध बना हुआ है। कांग्रेस और विपक्षी दलों का आरोप है कि शाह ने श्भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्राश विषय पर राज्यसभा में दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संभल के सपा सांसद की बिजली भी कटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई संभल। संभल के समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क चौतरफा घिरते जा रहे हैं। पहले संभल हिंसा में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, अब गुरुवार को बिजली विभाग ने उनके यहां छापेमारी की और लोड चेक करने के बाद बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। बिजली विभाग ने के अनुसार बर्क के यहां केवल दो किलोवाट का कनेक्शन लिया गया था, जबकि चेकिंग में उनके घर पर 16 किलोवाट का लोड मिला है। सांसद के पिता पर भी बिजली कर्मचारियों को धमकाने के मामले में केस की तैयारी हो रही है।

### किसान आंदोलन को मिला खाप पंचायतों का समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** चंडीगढ़। हरियाणा व पंजाब की सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन को हरियाणा की खाप पंचायतों ने खुला समर्थन कर दिया है। वहीं 29 दिसंबर को हिसार में महापंचायत करने की घोषणा की है। खाप पूरी तरह से किसान आंदोलन का समर्थन करती हैं।

# हमें संसद में जाने से रोका, आज तक नहीं हुई ऐसी हिंसा

## धक्का–मुक्की कांड को लेकर कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने दी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज**

नई दिल्ली। संसद परिसर में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष नेता आंबेडकर मुद्दे पर आमने–सामने आ गए। सांसदों के बीच धक्कामुक्की हुई। इस धक्कामुक्की में भाजपा सांसद मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी घायल हो गए। दोनों सांसदों का इलाज कराया जा रहा है।

बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया। राहुल ने बीजेपी के आरोपों को झूठा बताया है। प्रियंका गांधी ने भी राहुल का बचाव किया है।

हमारी मांग है कि अमित शाह अपने बयान के लिए माफी मांगे अपने पद से इस्तीफा दें। आज जब हम संसद भवन में जा रहे थे तो बीजेपी के सांसद ने हमें रोकने की कोशिश की और धक्कामुक्की दी। जो असल मुद्दा है कि नरेंद्र मोदी के मित्र गौतम अदाणी के खिलाफ केस दर्ज है और अदाणी को पीएम मोदी देश बेच रहे हैं।

खरगे ने कहा पीएम मोदी अमित शाह को बर्खास्त करें। हमारे ऊपर हमला किया गया। हमें मकर द्वार पर रोका गया। हमने किसी को धक्का नहीं मारा। आज हम शांतिपूर्वक ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब के बारे में जो बयान दिया है, वो बहुत ही दुखद है। उन्होंने बिना फैक्ट के कल प्रेस वार्ता कर भी झूठ ही कहा।

इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम संसद में हर रोज धरना प्रदर्शन करते थे, कभी हिंसा नहीं हुई। आज भी हम लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। हमें मकर द्वार पर रोका गया। इस दौरान हमारे ऊपर हमला किया गया। भाजपा के सांसदों ने मुझे धक्का दिया। हमारी महिला सांसदों को भी धक्का दिया गया। हम इस मामले में देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे।

### बीजेपी की सोच एंटी आंबेडकर हैः राहुल गांधी

गुरुवार को संसद में हुए धक्कामुक्की कांड पर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों पर राहुल गांधी ने सफाई दी। राहुल गांधी ने कहा कि मुख्य मुद्दे की शुरुआत तब हुई जब गौतम अदाणी मामले सामने आया था। बीजेपी ने इस मामले को दबाने की कोशिश की। उसके बाद अमित शाह ने आंबेडकर को लेकर बयान दिया। हम शुरुआत से कहते आए हैं कि बीजेपी की सोच एंटी आंबेडकर है। सीधे तौर पर गृह मंत्री ने अपनी सोच जाहिर कर दी।

# सरकारी विभागों में स्थानीय उत्पादों की खरीद के आदेश जारी

**संवाददाता**

नई दिल्ली। राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभाग और सरकारी कार्यालयों में आयोजित होने समारोहों, बैठकों के लिए स्थानीय समूहों के उत्पाद खरीदे जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

मुख्य सचिव की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तराखंड में अलग–अलग विभागों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, महिला कृषकों और एकल महिला उद्यमियों द्वारा कई प्रकार के उच्च गुणवत्ता युक्त स्थानीय उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उत्तराखंड सरकार भी विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों, बैठकों, समारोह में उपहार देने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में सभी विभाग, कार्यालय अपने अधीन होने वाले कार्यक्रमों, समारोहों के लिए स्थानीय उत्पादों की खरीद करेंगे। इससे समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही, लोगों को भी गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद हासिल हो सकेंगे।

### निर्देश

■मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव ने जारी किए निर्देश

### स्थानीय उत्पादों का ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज

विहित है कि प्रदेश सरकार ने गत वर्ष स्थानीय उत्पादों का अम्ब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज भी लांच किया है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री मोदी के हाथों, दिसंबर 2023 के दौरान देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुआ था। वर्तमान में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के तहत आठ श्रेणी में कुल 35 उत्पादों को शामिल किया गया है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# स्थानीय युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार अवसर :सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पौड़ी जिले के सतपुली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पूर्वी नयार नदी में बनने वाली बहुउद्देशीय सतपुली झील का शिलान्यास सहित लगभग 172 करोड़ 65 लाख की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें123 करोड़ 53 लाख की 04 योजनाओं का शिलान्यास व 49 करोड़ 12 लाख की 20 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजनाएं क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। सतपुली झील का निर्माण पूरा होने से यह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी वरदान साबित होगी। आज जिस झील का शिलान्यास किया गया है उसका लाभ आने वाली कई पीढ़ियों को भी होगा। उन्होंने कहा प्रदेश में सड़क, हवाई कनेक्टिविटी के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास किया जा रहा है। प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय उद्योगों में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

■56 करोड़ की लागत से होगा सतपुली झील का निर्माण

न्यूज डायरी



## अमेरिका में बच्चों को वर्कप्लेस पर लाने का बढ़ रहा कल्चर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। अमेरिका में इन दिनों अपने बच्चों को वर्कप्लेस पर लाने का कल्चर बढ़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नेता इसे खास तौर पर फॉलो कर रहे हैं। कुछ दिन पहले अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क कैपिटल हिल अपने 4 साल के बेटे के साथ पहुंचे थे। वहीं अब भारतीय मूल के रिपबल्किन नेता और उद्योगपति विवेक रामास्वामी भी एक कार्यक्रम के दौरान अपने बेटे कार्तिक के साथ देखे गए। इस कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप, जेम्स डेविड वेंस समेत कई रिपब्लिकन नेता मौजूद थे। इस दौरान ट्रंप ने रामास्वामी के बेटे कार्तिक को दुलारा और उससे बात की। कार्तिक ने अमेरिकी न्यूज प्रजेंटर पीट हेगसेथ के साथ कुछ पुश अप भी किए। ट्रंप के साथ अपने बेटे की तस्वीर रामास्वामी ने सोशल मीडिया साइट पर शेयर करते हुअ लिखा, मुझे हमारे 47वें राष्ट्रपति के बारे में एक बात सबसे ज्यादा पसंद है कि वह बच्चों को काफी प्यार करते हैं। वहीं हेगसेथ के साथ पुश अप की वीडियो शेयर करते हुए रामास्वामी ने लिखा, हमारे डिफेंस सेक्रेटरी को पता है कि युवाओं की भर्ती कैसे करनी है। कार्तिक को आज एक नया दोस्त मिला। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप प्रशासन के नेताओं की उनके बच्चों और पोतों के साथ तस्वीर को शेयर करते हुए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि अमेरिका में अब वर्कप्लेस पर बच्चों को लाना सामान्य बनाया जा रहा है।

## अमेरिका के निशाने पर पाकिस्तान की शाहीन–3 और अबाबील परमाणु मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिका ने पाकिस्तान के बलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर बड़ा ऐक्शन लिया है। अमेरिका की बाइडन सरकार ने पाकिस्तान की 4 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भी इस खबर की पुष्टि की है। अमेरिका ने अपने बयान में कहा कि वह इस मामले में अपनी चिंताओं को लेकर सतत रुख अपनाए हुए है। अमेरिका ने कहा कि पाकिस्तान से लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों के प्रसार का खतरा मंडरा रहा है और इसी को देखते हुए 4 पाकिस्तानी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उसने कहा कि ये पाकिस्तानी कंपनियां महाविनाश के हथियारों का प्रसार कर रही थीं। अमेरिका के निशाने पर खासतौर पर शाहीन–3 और अबाबील परमाणु मिसाइल है। पाकिस्तान दुनिया का एकमात्र मुस्लिम मुल्क है जिसके पास परमाणु बम है। पाकिस्तान सऊदी अरब और अन्य कई मुस्लिम देशों की तरह से अभी तक इजरायल को मान्यता नहीं दी है। पाकिस्तान में अक्सर इजरायल को लेकर काफी विरोध प्रदर्शन होते रहते हैं। पाकिस्तान सरकार भी इजरायल के खिलाफ जहरीले बयान देती रहती है। पाकिस्तानी विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तानी मिसाइल को अमेरिका के निशाना बनाने की बड़ी वजह इजरायल है। पाकिस्तान की ये दोनों ही मिसाइलें परमाणु हमला करने में सक्षम है।

## जिन्ना की सोच ने पाकिस्तान में लोकतंत्र को कमजोर किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी मूल के स्वीडिश पॉलिटिकल साइटिंस्ट और लेखक इश्तियाक अहमद ने कहा है कि मोहम्मद अली जिन्ना कभी भी एक डेमोक्रेट यानी लोकतंत्रिक नेता नहीं थे। पाकिस्तान के संस्थापक और कायदे आजम कहे जाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना पर बात करते हुए अहमद ने कहा साफतौर पर कहा कि देश में लोकतंत्र के मजबूत ना हो पाने की बड़ी वजह वही हैं। राजनीति विज्ञान के एमेरिटस प्रोफेसर अहमद ने नया दौर टीवी से बात करते हुए ये दावे किए हैं। इश्तियाक अहमद पंजाब और भारत–पाक बंटवारे पर कई किताबें लिख चुके हैं। अहमद की जिन्ना पर लिखी किताब कुछ समय पहले पब्लिश हुई है। इसी किताब पर उन्होंने नया दौर के पॉडकास्ट में बात की है। पाकिस्तान के पंजाब से ताल्लुक रखने वाले इश्तियाद अहमद ने कहा, श्जिन्ना के बारे में कई तरह की बातें होती रही हैं और उनको पाकिस्तान में एक डेमोक्रेट के तौर पर पेश किया जाता रहा है। मैंने जिन्ना की जिंदगी और विचारधारा के कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिनसे पता चलता है कि उन्होंने कई दफा कट्टरपंथ का सहारा लिया।

# इजरायल की तरफ उठे हाथ को काट दिया जाएगा

रिपोर्ट

### मिसाइल हमले के बाद नेतन्याहू सेना ने हूतियों पर की एयर स्ट्राइक

यमन से भी दागी गई थी इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेल अवीव। इजरायल ने गुरुवार तड़के यमन में कई जगहों पर हवाई हमले किए हैं। इजरायली सेना का दावा है कि यमन के बड़े हिस्से पर काबिज हूती विद्रोहियों के सैन्य ठिकानों को निशाने बनाते हुए ये अटैक किए गए हैं। इजरायल ने कहा कि यह कार्रवाई यमन से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल के जवाब में की गई है। इजरायल ने मिसाइल अटैक का जवाब देते हुए यमन के पश्चिमी तट और भीतरी इलाकों में हूती ठिकानों पर हमला किया। सितंबर के बाद ये पहली बार है जब यमन में इजरायल ने बमबारी की है।

इजरायली वेबसाइट वायनेट के मुताबिक, इजरायल के मध्य क्षेत्र में यमन से मिसाइल दागी गई थी। इस



हमले को देश के एरो मिसाइल रक्षा प्रणाली ने विफल कर दिया। तेल अवीव के पास रामत एफल में एक स्कूल के मैदान में इस मिसाइल का मलबा गिरा। इससे कुछ कारों और इमारतों को नुकसान हुआ। इसके बाद इजरायल की एयरफोर्स ने यमन में जवाबी हमला किया। इजरायली रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा है कि हूती इस तरह के हमलों के बाद बच नहीं सकते हैं, उनको जवाब मिलेगा। इजरायल की तरफ उठे हाथ को काट दिया जाएगा।

इजरायल डिफेंस फोर्स ने कहा है कि यमन में इन हमलों का उद्देश्य हूती सैन्य क्षमताओं को कम करना और ईरानी हथियारों की तस्करी रोकना था। आईडीएफ प्रवक्ता डैनियल हगरी ने कहा, हमने यमन में हूती सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए। इनमें सना में बंदरगाह और ऊर्जा ढांचे भी शामिल हैं। हूती इनका इस्तेमाल अपनी सैन्य कार्रवाई के लिए करते रहे हैं। इजरायल अपनी और अपने नागरिकों की रक्षा के लिए आगे भी किसी कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगा।

यमनी मीडिया ने बताया है कि सना के पास दो बड़े बिजलीघरों पर इजरायल ने हमला किया है। इससे आसपास के इलाके में बिजली चली गई। रास इस्सा और होदेइदाह बंदरगाह में तेल सुविधाओं पर हमले की सूचना भी यमनी चैनल्स ने दी है। इजरायल और यमन के हूती विद्रोहियों के बीते साल अक्टूबर से ही तनातनी चल रही है। हूतियों ने गाजा में हमास के समर्थन में इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। इसके जवाब में अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल ने यमन में हवाई हमले किए हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाक सुरक्षा बलों ने चलाया अभियान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अशांत उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग–अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। आईएसपीआर के अनुसार, ये अभियान प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद टैंक जिले में पहला ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान सात आतंकवादी मारे गए।

वहीं, दूसरा ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में हुआ, जहां दो आतंकवादी मारे गए। मोहमंद जिले में दो और आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला–बारूद भी बरामद किया गया।

सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही में पाकिस्तान में आतंकवादी हिंसा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में होने वाली मौतों में तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें हिंसा में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान दर्ज 328 घटनाओं में नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और अपराधियों सहित कुल 722 लोग मारे गए, जबकि 615 अन्य घायल हुए। इनमें से लगभग 97 प्रतिशत मौतें खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुईं।



## रूस–यूक्रेन युद्ध में अब तक मारे गए करीब 100 उत्तर कोरियाई सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। उत्तर कोरिया के सैनिक रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहे हैं। इस बीच रूस के कुर्स्क इलाके में उत्तर कोरियाई सैनिकों के मारे जाने की खबर है। अमेरिकी अधिकारियों ने इससे जुड़ी जानकारी दी है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पहली बार है जब उत्तर कोरियाई सैनिकों के हताहत होने की रिपोर्ट सामने आई है। अक्टूबर में खबर आई थी कि उत्तर कोरिया ने रूस की सेना को मजबूत करने के लिए 10,000 सैनिक भेजे हैं। यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी ने भी कहा कि वीकेंड में लड़ाई के दौरान कम से कम 30 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए या घायल हुए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया है कि, रूस का एक सैनिक यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिक के शव को आग लगा रहा है।

# यूक्रेन ने रूस के खिलाफ उतारा महाविनाशक लेजर हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। रूस और यूक्रेन के युद्ध में अब एक लेजर हथियार आया है। यूक्रेन ने ट्राइडेंट नाम के लेजर हथियार का अनावरण किया है, जो प्रकाश की गति से हवाई खतरों को नष्ट कर देता है। यह साइंस फिक्शन फिल्म की तरह है, जो एक मील दूर से आने वाले ड्रोन और विमानों को मार गिरा सकता है। युद्ध के दौरान यह एक बड़ा फायदा यूक्रेन को दे सकता है। क्योंकि रूस का आक्रमण एक बार फिर धीरे–धीरे तेज होने लगा है। सोमवार को एक रक्षा सम्मेलन के दौरान एक यूक्रेनी कमांडर ने ट्रायजुब नाम के हथियार के अस्तित्व का खुलासा किया।

यूक्रेन की मानवरहित सेना की

■प्रकाश की गति से ड्रोन को गिरा सकता है ट्राइडेंट

कमान संभालने वाले कर्नल वादिम सुखारेव्स्की ने कहा कि यूक्रेन ऑपरेशनल लेजर वाला केवल पांचवाँ देश है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के पास एक लेजर हथियार है जिसे ट्राइडेंट कहा जाता है। उन्होंने कहा, इसका अस्तित्व है और असल में यह काम करता है। उन्होंने बताया कि यूक्रेन इस हथियार के जरिए 2 किमी से अधिक की ऊंचाई पर विमानों को मार गिरा सकता है। यह साफ नहीं है कि क्या यूक्रेन ने ही इस हथियार को बनाया है या किसी दूसरे देश ने मदद की है।

यूके के पास इसी डिजाइन का हथियार है। यूके के पूर्व रक्षा सचिव ग्रांट शॉप्स ने अप्रैल में सुझाव दिया था कि ब्रिटेन का अपना लेजर हथियार ड्रैगन फायर यूक्रेन भेजा जा सकता है। ड्रैगन फायर के 2027 तक सर्विस में आने की उम्मीद नहीं है। लेकिन शॉप्स ने संकेत दिया था कि 100 फीसदी सही होने से पहले इसे यूक्रेन में भेजा जा सकता है। ड्रैगन फायर एक अत्याधुनिक लेजर–डायरेक्टेड एनर्जी वेपन है। अपने टार्गेट को ध्वस्त करने के लिए यह तीव्र प्रकाश किरण का इस्तेमाल करता है और प्रकाश की गति से हमला कर सकता है।

इस हथियार को 50केडब्ल्यू बीम से हमलावर ड्रोन, मिसाइलों, विमानों और यहां तक की सैटेलाइटों को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है।

## कनाडा में पीआर के नियम सख्त करेगी ट्रूडो सरकार


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार स्थायी निवास के लिए मानदंडों को कड़ा करने जा रही है। सरकार की योजना नौकरी के ऑफर वाले इमिग्रेंट आवेदकों को मिलने वाले अतिरिक्त अंकों को खत्म करने की है। यह कदम लेबर मार्केट इंपैक्ट एसेसमेंट धोखाधड़ी को कम करने के लिए उठाया जा रहा है। इस बदलाव की घोषणा ओटावा में कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने की है। सरकार ने ये फैसला ऐसे समय लिया है, जब कनाडा में घरों की कमी का सामना लोग कर रहे हैं। इसके लिए बहुत से लोग विदेशियों की बढ़ती आमद को जिम्मेदार कह रहे हैं। लेबर मार्केट इम्पैक्ट असेसमेंट एक ऐसा दस्तावेज है, जो विदेशी कर्मचारी को नौकरी देने से पहले नियोक्ता को लेना होता है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

- Recruitment
- Property
- Business Opportunity
- Vehicles
- Announcements
- Antiques & Collectables
- Barter
- Books
- Computers
- Domain Names
- Education
- Miscellaneous
- Entertainment & Event
- Hobbies & Interests
- Services
- Jewellery & Watches
- Music
- Obituary
- Pets & Animals
- Retail
- Sales & Bargains
- Health & Sports
- Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अधिकारियों को एसडीजी की प्रगति और पीएम गति शक्ति पोर्टल की दी गई जानकारी

**कार्यशाला**

## सतत् विकास लक्ष्य हासिल करने को लेकर जनपद में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**संवाददाता**

चमोली। सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के डाटा इकोसिस्टम, मॉनिटरिंग और पीएम गति शक्ति पर बृहस्पतिवार को परियोजना निदेशक आनंद सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एसडीजी विशेषज्ञ करुणाकर सिंह, पीएम गति शक्ति विशेषज्ञ ऐश्वर्या और सुबोध पडगावकर ने सतत विकास लक्ष्य और पीएम गति शक्ति पोर्टल के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में जनपद के न्यून प्रगति वाले लक्ष्यों में सुधार और डाटा अपलोड की प्रक्रियाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



एसडीजी विशेषज्ञ करुणाकर सिंह ने बताया कि उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों में पूरे भारत में गत वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने पहला स्थान बनाए रखने के लिए इस वर्ष जनपद में धीमी प्रगति वाले लक्ष्यों में आवश्यक सुधार लाने की बात कही।

पीएम गति शक्ति विशेषज्ञ ऐश्वर्या ने पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान पोर्टल की उपयोगिता बताते हुए अधिकारियों को परियोजनाओं का समय–समय पर डाटा अपडेट करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति एक प्रभावी नियोजन के लिए कारगर पोर्टल है। भारत सरकार के सभी आधारभूत संरचना विकास के प्रोजेक्ट इस पर अपलोड होते है। इस पोर्टल के माध्यम प्रोजेक्ट को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाती है। राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को राज्य और जनपद स्तर पर भी लागू करने का निर्णय लिया है। ताकि राज्य और जनपद के विकास में पीएम गति शक्ति को जीआईएस बेस इंटीग्रेटड प्लानिंग में बेहतर इस्तेमाल किया जा सके और योजनाओं की स्वीकृति, क्रियान्वयन और अनुश्रवण में तेजी लाई जा सके।

परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य और पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान पोर्टल भारत सरकार की प्राथमिकता में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय और नीति आयोग इसकी नियमित मॉनिटरिंग करता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि योजनाओं को धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन कर लाभार्थियों तक पहुंचाएं और शुद्ध डाटा तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने जोर दिया कि सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में आ रही चुनौतियों और समस्याओं का चयन कर समन्वय के साथ कार्य योजना तैयार करें। साथ ही, एसडीजी रैंकिंग में न्यून प्रगति वाले लक्ष्यों में सुधार लाना सुनिश्चित करें। एसडीजी में विभिन्न विभागों के लिए 17 लक्ष्य तथा 169 उप लक्ष्य निर्धारित है।

# न्यूज डायरी

## संचालित कल्याणकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सरकार द्वारा अनुसूचित जाति हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर भ्रमण कर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें छोटी मोटी समस्याओं के लिए मुख्यालय स्तर पर न आना पड़े। उन्होंने विभागीय योजनाओं का प्रचार–प्रसार करते हुए दूरस्थ गांवों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार की योजनाएं जो अनुसूचित जाति के चलायी जा रही हैं उसका लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति को पहुंचे और सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ बराबरी से मिले। श्रम अधिकारी को ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर योजनाओं की जानकारी देने और अधिक से अधिक लोगों का श्रम कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही एससी बाहुल्य गांवों में जहां सड़क नहीं ही है वहां सड़क तथा जहां आंगनबाडी भवन नहीं वहां आंगनबाडी भवन बनाने को कहा।

## एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने एमबीए और पीएचडी के प्रवेश की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख इंस्टीट्यूशन में से एक थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) ने अपने बिजनेस स्कूल, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एलएमटीएसएम) में एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा की है। टीआईईटी अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, रिसर्च में योगदान और इंडस्ट्री से मजबूत जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध है। यह संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। टीआईईटी का हिस्सा होने के नाते, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एकेडमिक एक्सीलेंस और इनोवेटिव रिसर्च के लिए प्रतिबद्ध है।

## सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड अब होगा सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम्स लिमिटेड

**संवाददाता** देहरादून। सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम्स लिमिटेड ( एनएसई: सर्वोटेक), भारत की सबसे बड़ी ईवी चार्जर निर्माता कंपनी, ने घोषणा की है कि उसने 18 दिसंबर 2024 से अपने पहले के नाम 'सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड' से सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम्स लिमिटेड में बदलाव किया है। कंपनी ने पहले ही एलईएसएसजेडडब्ल्यूईआई एलएमबीएच (एलईएसएस2), एक वैश्विक जर्मन उद्यम, के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश करने की घोषणा की है, जो जर्मन सरकार को सतत विकास के क्षेत्र में लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करता है।

# जल जीवन मिशन के पाइपों में नहीं आ रहा पानी

**संवाददाता** उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड़ विकासखंड के जोगथ मल्ला गांव में जल जीवन मिशन के लिए जोड़े गए पाइप सूखे पड़ गए हैं। नलों में पानी नहीं आ रहा है। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। गुरुवार को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता महिमानंद जगूड़ी और दीपक जगूड़ी ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य हुआ है, उससे ग्रामीण सन्तुष्ट नहीं है।

आरोप लगाया कि बरसाती स्रोतों से पानी टंकी तक पहुंचाया गया है, जो अब सूख गए हैं। पाइप लाइन भी मानकों के अनुसार नहीं बिछाई गई है। हालात यह है विभाग और ठेकेदार से इसकी शिकायत करने के बावजूद भी

**जोगथ मल्ला गांव में जल जीवन मिशन के लिए जोड़े गए पाइप सूखे गए**

लाइनों को ठीक करने के लिये कोई कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की इस योजना का फायदा लोगों को नहीं मिल पा रहा है। मनमर्जी से लाइन डाली गई है।

जिलाधिकारी कार्यालय और मुख्यमंत्री पोर्टल तक इस समस्या को उठाया है। बरसात के दौरान चार माह लगातार पानी आया और अब गांववासी बिना पानी के हैं। कहा कि योजना की खामियों को दूर नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे।



## नवनियुक्त नगर आयुक्त का नगर निगम में किया स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम की नवनियुक्त नगर आयुक्त नमामि बंसल का गुरुवार को निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वागत किया। इस दौरान अधिकारी को समस्त अनुभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने अपना परिचय दिया। नगर आयुक्त ने अनुभागों का निरीक्षण किया। साथ ही समीक्षा बैठक कर गतिमान और प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त राजबीर सिंह चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षक मनीष दरियाल, भूपेंद्र पंवार, विश्वनाथ चौहान, महिपाल सिंह, राजेश पंवार, उदयप्रताप सिंह, रजत आदि मौजूद रहे।

# सुशासन सप्ताह में लंबित शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता पर करें समाधान

**संवाददाता**

चमोली। प्रशासन गांव की ओर'' थीम को लेकर सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से शुरू हो गया है। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला प्रशासन की ओर से 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने सभी विभागों की बैठक लेते हुए शिविर लगाकर लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

परियोजना निदेशक ने कहा कि सुशासन सप्ताह मनाने का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान करना, ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देना और



अंतिम लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न पोर्टल पर दर्ज ऑनलाइन शिकायतों का प्राथमिकता पर शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

साथ ही तहसील दिवसक, बहुउद्देशीय शिविर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण करते हुए इसकी रिपोर्ट मय फोटोग्राफ सहित प्रतिदिन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों को अधिक से अधिक शिविर लगाकर सुशासन सप्ताह में शत प्रतिशत शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान करने को कहा। परियोजना निदेशक ने कहा कि विभागों द्वारा जो बेहतरीन और नवाचारी कार्य किए जा रहे है उनकी जानकारी भी उपलब्ध करें।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अभिषेक गुप्ता, सहायक परियोजना निदेशक केके पंत, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार डोभाल सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## स्मैक रखने की आरोपी महिला की अर्जी रद्द

**संवाददाता** हरिद्वार। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश अनिरुद्ध भट्ट की अदालत ने लाखों रुपये की स्मैक के साथ पकड़ी गई महिला की जमानत अर्जी रद्द कर दी। शासकीय अधिवक्ता कुशल पाल सिंह चौहान ने बताया कि आठ दिसंबर की रात्रि में कोतवाली ज्वालापुर में तैनात महिला एसआई सोनल रावत अपने पुलिस सहकर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थी। पुलिस टीम गश्त करती हुई भगत सिंह चौक से पहले सार्वजनिक शौचालय के पास पहुंची तो वहां पर बुर्का पहने एक संदिग्ध महिला खड़ी मिली थी। पुलिस टीम को देखकर महिला तेजी से रेलवे लाइन की ओर जाने लगी थी। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया तो संदिग्ध महिला अपने बैग से एक पन्नी निकाल कर फेंकने लगी थी।

# जिम्मेदारी किसकी

**यह स्थिति तब है, जब पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष दोनों में सहमति बनी थी कि सदन में कामकाज को बाधित नहीं होने दिया जाए। यह महसूस किया गया कि सदन ठप होने से कई जरूरी मसलों पर चर्चा नहीं हो पाती।**

रहीस सिंह।।

संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के 12वें दिन मंगलवार को भी दोनों सदन हंगामों के बीच पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिए गए। सोमवार को भी ऐसा ही हुआ था। पिछले सप्ताह भी संसद में कमोबेश ऐसा ही दृश्य रहा। यह स्थिति तब है, जब पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष दोनों में सहमति बनी थी कि सदन में कामकाज को बाधित नहीं होने दिया जाए। यह महसूस किया गया कि सदन ठप होने से कई जरूरी मसलों पर चर्चा नहीं हो पाती।

देखा जाए तो यह पॉजिटिव डिवेलपमेंट था, जिसके बाद उम्मीद बंधी कि संसद का यह सत्र शायद स्वस्थ बहस का गवाह बने। खास बात यह रही कि इस दबाव के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व की रणनीति में भी बदलाव दिखा। अदाणी ग्रुप से जुड़े आरोपों पर जोर देने के लिए सदन में हंगामा करने के बजाय कांग्रेस के लोग सदन के अंदर और बाहर अन्य उपायों से इस मसले की ओर ध्यान खींचने लगे। काले रंग के पोस्टरयुक्त जैकेट पहनने से लेकर मुखौटे लगाने तक अलग-अलग तरीके आजमाए गए।



अफसोस की बात यह है कि इन सबसे संसद के अंदर माहौल में कोई खास बदलाव नहीं आया। विपक्ष के आरोप तो अपनी जगह बने ही रहे, सत्ता पक्ष इसके जवाब में कांग्रेस नेतृत्व की कथित भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस के संगठन से मिलीभगत के आरोपों को उसी आक्रामकता से उठाता दिखा। नतीजा यह कि संसद में कामकाज सामान्य रूप से चलने की जो संभावना बन रही थी, वह धूमिल हो गई।

लेकिन एक वक्त ऐसा भी था, जब हालात अलग थे। 2003 में जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने एक कूटनीतिक मामले में विपक्ष की मदद ली थी। वाजपेयी ने वामपंथी नेताओं को चाय पर बुलाया और उन्हें इराक में भारतीय फौज भेजने का विरोध के लिए मनाया। अमेरिका इसके लिए सरकार पर दबाव डाल रहा था। वाजपेयी इराक में भारतीय फौज नहीं भेजना चाहते थे, लेकिन साथ ही यह संदेश भी देना चाहते थे कि चूंकि देश में इस कदम का भारी विरोध हो रहा है, इसलिए वह मांग नहीं मान सकते।

आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसे संबंध की कल्पना नहीं की जा सकती। असल में, लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद के अंदर कामकाज सुचारू ढंग से चलता रहे, यह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है, लेकिन सत्ता पक्ष पर इसका ज्यादा दायित्व होता है। ऐसे में बयानों और आरोपों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष का एक सा रवैया कोई अच्छी बात नहीं है।

## भगवान का शुक्रिया

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** उन्होंने सुबह होने का इंतजार किया और दूसरे ही दिन अपने खेत पर गया तो देखा कि बहुत सारा फसल उसके खेत में बहुत ज्यादा मात्रा में उपजाऊ हुआ है। अब शिवराम और उसकी पत्नी गंगा दोनों फसल की कटाई करते हैं और उन्हें मार्केट में अच्छी कीमत में जाकर बेच देते हैं। इससे उन्हें काफी ज्यादा पैसे मिल जाते हैं और बहुत ज्यादा धन की प्राप्ति हो जाती है ऐसा कई बार करने वालों ने बहुत ज्यादा धन की प्राप्ति हो जाती है और गांव में वह सबसे अच्छे और अमीर हो जाते हैं। उन्होंने साफ मन से भगवान की आराधना की और कहां-कहां की भगवान मैं आपका शुक्रिया किस प्रकार आधा करूंगा कि आपने मुझे इतनी ज्यादा धनराशि तथा फल सब्जियां से नवाजा है मेरे खेत में जहां पर एक भी दान या एक भी पौधा नहीं बचता था उस खेत में आपके द्वारा बहुत सारे फसल अब लगने लगे हैं। आपका शुक्रिया कैसे अदा करूं मुझे समझ में नहीं आ रहा है। **...शेष कल**

## संपादकीय

### अलविदा उस्ताद जी!

तबले को भारतीय शास्त्रीय संगीत और विश्व संगीत में उच्च स्थान दिलाने वाले महान फनकार उस्ताद जाकिर हुसैन ने कल रात दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 73 साल की उम्र में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके परिवार ने आज सुबह उनके निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी मृत्यु इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से हुई, जो फेफड़ों को प्रभावित करने वाली एक बीमारी है। पिछले दो हफ्ते से वह अस्पताल में भर्ती थे। उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर देश और दुनिया भर के संगीतकारों, संगीत प्रेमियों ने दुख जताया है। तबला वादक उस्ताद अकरम खां ने कहा कि वह तबले के मुश्किल से मुश्किल मात्रे, ताल भी इतनी सरलता से बजा लेते थे कि हम भी हैरान रह जाते थे। मेरे लिए वह भगवान का अवतार थे। 2020-21 की वो शाम मुझे आज भी याद है। मैं मुंबई में उस्ताद अल्लारखा खां की सौवीं जन्मतिथि पर हो रहे कार्यक्रम में उस्ताद जाकिर हुसैन के साथ बगल में बजा रहा था। उस वक्त महसूस हुआ कि वे कितने महान इंसान हैं। खुद में इतना बड़ा नाम होकर भी आपके साथ एक बुजुर्ग की तरह प्यार से पेश आते हैं। उन्होंने दिल्ली में मेरे आगामी शो में आने का वादा किया था पर दुनिया से ही चले गए। उन्होंने पिछले पचास साल में संगीत जगत को इतना दिया है कि वह हमेशा हमारे बीच गूंजता रहेगा।

**कोई भी सरकार नहीं चाहती कि वैश्विक स्तर पर उसकी छवि खराब हो, इसलिए कुंभ में हर बार विशेष इंतजाम किए जाते रहे हैं। इस बार प्रदेश सरकार कुंभ के मौके को और भी खास बना रही है।**

# खास बनाने की तैयारी

उमेश चतुर्वेदी।।



निर्धारित तिथि और मियाद के बाद आयोजित होता रहा कुंभ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की अनूठी धरोहर है। यह हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा का भी प्रतीक है। आज खगोलीय गणनाओं और दूसरे अध्ययनों के लिए टेक्नॉलजी है, लेकिन भारतीय खगोलविद और ज्योतिर्विद हजारों बरस से बिल्कुल सटीक गणना करते रहे हैं कि 6 या 12 साल बाद कुंभ का आयोजन किस दिन और कब से होगा। इसमें कभी गलती नहीं हुई। इस बार प्राचीन परंपरा में आधुनिकता का भी मेल होने जा रहा है।

प्रयागराज के कुंभ के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की पहल पर 'कुंभ सहायक' नाम से चौटबॉट विकसित किया जा रहा है। इसकी मदद से श्रद्धालुओं को गुजराती, मराठी समेत 10 से अधिक भाषाओं में कुंभ से जुड़ी जानकारी मिलेगी। साथ ही, श्रद्धालु यह भी जान सकेंगे कि अभी वे कुंभ के किस खास इलाके में हैं और जहां उन्हें जाना है, वहां के लिए आसान रास्ता क्या होगा। इस चैटबॉट को भाषाई अनुवाद के सॉफ्टवेयर 'भाषिणी' के सहयोग से बनाया जा रहा है। चौटबॉट लिखकर और बोलकर, दोनों तरह से इंटरैक्टिव कन्वर्सेशन करेगा।

कुंभ में दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं। इसकी व्यवस्था पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाह रहती है। इस लिहाज से देखें तो यह आयोजन प्रदेश सरकार की छवि को बनाने या बिगाड़ने का भी जरिया बन सकता है। कोई भी सरकार नहीं चाहती कि वैश्विक स्तर पर उसकी छवि खराब हो, इसलिए कुंभ में हर बार विशेष इंतजाम किए जाते रहे हैं। इस बार प्रदेश सरकार कुंभ के मौके को और भी खास बना रही है।

कुंभ का पहला शाही स्नान 13 जनवरी 2025 को होगा। इसी दिन से आधिकारिक तौर पर इसकी शुरुआत होगी, समापन 26 फरवरी को होगा। सरकार का अनुमान है कि करीब डेढ़ महीने में 45 करोड़ लोग आएंगे। इतनी भारी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रबंधन मामूली बात नहीं है। कुंभ सहायक चौटबॉट प्रबंधन की उसी दिशा में आगे बढ़ता कदम है। इस बार कुंभ में शिल्पियों का मेला भी लगाया जा रहा है। देशभर के करीब 100 शिल्पियों को जगह दी जा रही है। श्रद्धालु बनारसी साड़ियों से लेकर कच्छ और दक्षिण भारत के शिल्प को देख व खरीद सकेंगे। आदिवासी इलाकों की कलाओं को भी प्रदर्शित और बिक्री के लिए रखे जाने की तैयारी है।

उत्तर प्रदेश की स्थानीय कलाओं और शिल्प को बाजार मुहैया कराने के लिए योगी सरकार पहले से ही महत्वाकांक्षी 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट' योजना चला रही है। कुंभ के शिल्प ग्राम में इस योजना को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। फिरोजाबाद की चूड़ियों और कांच के बर्तनों से लेकर गोरखपुर के टेराकोटा, आजमगढ़ के काली मिट्टी के बर्तन, भदोही की कालीन, सहारनपुर के सींग के सजावटी आइटम आकर्षण के विशेष केंद्र के रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे। मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और बरेली का बांस शिल्प भी प्रदर्शित होगा। शिल्पकारों की बनाई कलाकृतियों की खरीद और बिक्री के लिए प्रशासन ने अपनी वेबसाइट 'इंडिया हैंडमेड' बनाई है। महाकुंभ की तैयारियों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए राज्य सरकार ने विशेष रूप से 2600 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। संगम नगरी प्रयागराज में नए निर्माण किए जा रहे हैं। भीड़ प्रबंधन, यातायात और सुरक्षा पर काम हो रहा है। कुंभ पर्यावरण के मुद्दों को भी संबोधित करता रहा है। यह अपनी जलधाराओं को पवित्र रखने और उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए पावन बनाए रखने का भी प्रयोजन रहा है।

### सूडोकु नवताल-5386

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भी आने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल-5385 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## अपना ब्लॉग

### बाड़ और बीएसएफ के सवाल

**मोहन।** ऐसे में दो सवाल उठते हैं- पहला ये कि देश को आक्रमण से बचाने से ज्यादा बड़ी प्राथमिकता भला और क्या हो सकती है? मोदी सरकार एक दशक से घुसपैठ वाले इलाकों में बाड़ेबंदी की क्यों नहीं सोच पाई और आज भी इस पर विचार क्यों नहीं कर रही है? दूसरा सवाल ये कि ठीक है खुली सीमा से घुसपैठ पूरी तरह रोकना मुश्किल है, लेकिन क्या यह बात गले से उतर सकती है कि बिना सुरक्षा प्रहरियों की मिलीभगत के इतनी बड़ी तादाद में घुसपैठ हो सके? इन दोनों सवालों के कटघरे में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी अथवा किसी अन्य विरोधी दलों को तो नहीं खड़ा किया जा सकता है। इनके जवाब तो मोदी सरकार को ही देने होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में कहा कि घुसपैठिये पंचायती राज संस्थाओं में पद पा रहे हैं। कितनी हैरतअंगेज बात है कि देश के प्रधानमंत्री को यह पता है कि संविधान द्वारा तय पंचायती राज व्यवस्था पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है और वो अपना दायित्व सिर्फ लोगों को सतर्क करने तक ही सीमित मानते हैं।





## राज कपूर के अंतिम संस्कार में एक अकेली महिला थीं दीप्ति नवल

बॉलीवुड के शोमैन राज कपूर। कुछ दिनों पहले उनकी 100वीं जयंती हुई। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री ने उन्हें याद किया। फैंस ने उन्हें याद किया। अब एक्ट्रेस दीप्ति नवल ने उनसे पहली और आखिरी मुलाकात का यादगार किस्सा शेयर किया है, जो उनके जहन पर छपा हुआ है। 70 के दशक की शुरुआत में दीप्ति नवल न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, मिडटाउन मैनहट्टन में हंटर कॉलेज में स्टूडेंट थीं। तब उन्होंने रेडियो पर श्रंग महलश नाम के एक म्यूजिक प्रोग्राम को होस्ट किया था। इसमें पुराने हिंदी गाने बजाए गए, जोकि दीप्ति को बहुत पसंद थे। ये गाने वहां रहने वाले छत्र के लिए थे। एक्ट्रेस ने कहा कि उस वक्त न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय बहुत छोटा था। आज तो वहां हर दूसरा व्यक्ति भारतीय ही होता है। उन्होंने कहा, जहां कैब मिली, मैंने कैब ली, जहां ऑटो मिला, मैंने ऑटो लिया और बस अंदर (शमशान घाट) घुस गई। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जा रहा था और चिता पहले से ही जल रही थी। मैं वहां खड़ी थी। चुप। हैरान। अचानक मुझे महसूस हुआ कि मैं वहां एकमात्र महिला थी जो वहां मौजूद थी। मुझे अहसास हुआ कि अंतिम संस्कार में परिवार द्वारा महिलाओं को एक सीमा से आगे जाने की अनुमति नहीं थी। लेकिन अनजाने में मैंने राज जी को अंतिम अलविदा कहने के लिए इस सीमा को भी तोड़ दिया था।

## ऑस्कर 2025 में शॉर्टलिस्ट नहीं हो पाई किरण राव की लापता लेडीज

किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज 97वें ऑस्कर अवॉर्ड्स 2025 की रेस से बाहर हो गई है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर एंड साइंसेज ने अपनी शॉर्टलिस्ट की घोषणा की, जिसमें इस फिल्म का नाम नहीं है। जाहिर है इससे हर भारतीय सिनेमा प्रेमी के दिल को धक्का लगा है। इसको लेकर कंफ्यूजन बीते साल भी हुआ था जब विवेक अग्निहोत्री ने कह दिया था कि उनकी फिल्म द कश्मीर फाइल्स ऑस्कर अवॉर्ड की दौड़ में शामिल हो गई है। जबकि यह ऑस्कर्स की रिमाइंडर लिस्ट थी, ना कि शॉर्टलिस्ट। इसे साधारण तौर पर समझने के लिए आप यह कह सकते हैं कि शॉर्टलिस्ट और रिमाइंडर लिस्ट के बीच मुख्य अंतर यह है कि शॉर्टलिस्ट उस कैटेगरी के लिए नॉमिनेट की गई वो फिल्में हैं, जिन्हें इस अवॉर्ड के योग्य माना गया है। इनमें अभी विनर को चुना जाना बाकी है। जबकि रिमाइंडर लिस्ट का मतलब है उन फिल्मों की सूची से है, जो ऑस्कर नॉमिनेशन के लिए भेजी गई थीं या आई थीं।

## बादशाह और उनकी टीम ने ट्रैफिक चालान कटने के आरोपों को बताया झूठा



मशहूर रैपर और सिंगर बादशाह को लेकर दो दिन पहले यह खबर आई कि गुरुग्राम में ट्रैफिक पुलिस ने उनका चालान काटा है। बताया गया कि सिंगर करण औजला के कॉन्सर्ट में जाने के दौरान बादशाह सड़क की गलत साइड पर गाड़ी चला रहे थे, उनकी महिंद्रा थार एसयूवी में तेज आवाज में संगीत बज रहा था। लिहाजा, लापरवाही बरतने के लिए उन पर यातायात पुलिस ने ₹15,000 का जुर्माना लगाया। लेकिन अब बादशाह ने इन दावों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि ना तो उनके पास कोई थार है और ना ही वो उस दिन वो एसयूवी चला रहे थे और ना ही उस थार में थे, जिसका चालान कटा है। बादशाह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, भाई थार तो है भी नहीं मेरे पास, ना मैं ड्राइव कर रहा था उस दिन। मुझे तो सफेद रंग की वेलफायर (टोयोटा) में ले जाया जा रहा था, और हम हमेशा पूरी जिम्मेदारी के साथ ड्राइव करते हैं, चाहे गाड़ियां हो या फिर चाहे गेम। बादशाह से इतर उनकी टीम ने भी मामले में एक बयान जारी किया है। इसमें लिखा है, हम 15 दिसंबर, 2024 को करण औजला कॉन्सर्ट के बाद बादशाह से जुड़ी एक ट्रैफिक उल्लंघन की घटना को लेकर खंडन करना चाहते हैं। ये बादशाह को बदनाम करने वाली झूठे आरोप और रिपोर्ट्स हैं।

# मलाइका के रेस्टोरेंट पहुंचा सलमान खान का पूरा परिवार



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में अपना नया रेस्टोरेंट खोला है और इस नए बिजनेस में उनके पार्टनर हैं उनके अपने लाडले अरहान खान। दोनों मां–बेटे की जोड़ी इस रेस्टोरेंट के बाहर अक्सर ही नजर आती है। इस बार उनके इस रेस्टोरेंट में पहुंचे हैं मलाइका के एक्स हसबैंड का परिवार यानी पूरी खान फैमिली। सलीम खान से लेकर सलमा और अरबाज तक इस रेस्टोरेंट के जायके का लुत्फ उठाने पहुंचे हैं। जी हां, सलमान खान के पिता सलीम खान भी मलाइका के इस रेस्टोरेंट में पहुंचे हैं, जो कभी उनके घर की बहू हुआ करती थीं। इस मौके से कई वीडियोज सामने आए हैं और सलीम खान को देखकर लोग तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।*

**सलीम खान को सीढ़ियां चढ़ाने में स्टाफ ने की मदद**

इस वीडियो में कुछ स्टाफ सलीम खान का हाथ थामकर उन्हें संभालकर ले जाते दिख रहे हैं। हालांकि, उन्हें इस रेस्टोरेंट के लिए सीढ़ियां चढ़ने में काफी दिक्कतें आती दिख रही हैं, लेकिन उन्होंने हर नहीं मानी और स्टाफ का सहारा लेकर वो अंदर दाखिल हुए। इन वीडियोज पर लोग सलीम खान और उनके परिवार के जेश्चर की तारीफें करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने कहा– कितनी खुशी की बात है एक औरत के लिए कि तलाक के बाद भी वो परिवार उनका साथ देते हैं हर काम में, हर मुसीबत में साथ खड़े नजर आते हैं।

**लोगों ने कहा- सलीम जी को मानना पड़ेगा, उन्हें सलाम है**

इस मौके पर सलमा खान भी नजर आईं और उन्हे भी सहारा देकर रेस्टोरेन्ट के अंदर ले जाते दिखे उनके स्टाफ। इतना ही नहीं, अरहान के इस रेस्टोरेंट में अरबाज खान भी पहुंचे। लोगों ने




सोशल मीडिया पर लिखा है– सलीम जी को सल्यूट है, जिनके लिए ये सीढ़ियां चढ़ना कितना मुश्किल है, लेकिन इसे उन्होंने बाधा नहीं बनने दिया। एक और ने कहा– सलीम जी को मानना पड़ेगा, उन्हें सलाम है और मलाइका को भी जिन्होंने अपनी पुरानी फैमिली के लिए इतने रिस्पेक्टफुल तरीके से सब किया।

**लोगों ने कहा- इसे कहते हैं सपोर्टिव फैमिली, हर कदम पर साथ**

अरहान खुद अपनी सौतेली दादी हेलेन का हाथ थामकर उन्हें रेस्टोरेंट के अंदर ले जाते दिखे। यहां हेलेन ने अरहान के साथ खड़े होकर पपाराजी के कैमरों के सामने पोज भी दिए। लोगों ने कहा है– आज खान फैमिली के लिए रिस्पेक्ट और बढ़ गया है। एक और ने कहा– इसे कहते हैं सपोर्टिव फैमिली, हर कदम पर साथ।

**मलाइका के पिता के निधन पर पूरा खान परिवार**

याद दिलाते चलें कि मलाइका के पिता के निधन के बाद बॉलीवुड को जो फैमिली शुरू से अंत तक उनके साथ खड़ी दिखी, वो खान फैमिली ही थी। उनके पिता के सुसाइड की खबर सुनकर सबसे पहले दौड़े–दौड़े मलाइका के एक्स हसबैंड अरबाज पहुंचे थे। इसके बाद वहां सलीम खान, सलमा खान, अर्पिता, अलवीरा और परिवार के बाकी सभी सदस्य पहुंचे थे। हालांकि, उस वक्त सलमान शहर से बाहर थे इसलिए वो उस वक्त वहां पहुंच नहीं पाए थे। मुंबई लौटते ही वो मलाइका के घर शोक जताने के लिए पहुंचे थे।

# दीपिका पादुकोण और रणवीर की बेटी बताकर तस्वीरें हो रहीं वायरल

*सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक बच्ची के साथ कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि ये तस्वीरें उनकी बेटी दुआ की है। आइए जानते हैं इन तस्वीरों का सच क्या है। दीपिका और रणवीर ने अभी तक अपनी बेटी दुआ का चेहरा पब्लिक को नहीं दिखाया है।*



रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक बच्चे के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कई यूजर्स ऐसा कहते नजर आ रहे हैं किरहे हैं कि तस्वीरों में दिख रही ये बच्ची कोई और नहीं बल्कि उनकी बच्ची दुआ है। बता दें कि दीपिका हाल ही में 8 सितंबर को मां बनी हैं और तब से वो अपनी लाडली को पालने में व्यस्त हैं। सोशल मीडिया पर यूजर ने दीपिका और रणवीर की बेटी के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें से एक फोटो में बच्ची का चेहरा कवर दिख रहा है, जबकि दूसरे में साफ–साफ दिख रहा है। यहां ये भी बता दें कि दीपिका या रणवीर में से किसी ने भी अब तक बच्ची के चेहरा सोशल मीडिया पर अपने फैन्स से शेयर नहीं किया है।

**दीपिका या रणवीर ने नहीं की है कोई ऐसी तस्वीर शेयर**

दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर इस साल फरवरी की शुरुआत में शेयर की थी। बच्ची का जन्म सितंबर में हुआ और तब से फैन्स इस इंतजार में हैं कि वो अपनी बिटिया को अपने फैन्स से कब मिलवाएंगे। दिवाली के मौके पर, दीपवीर ने अपनी बेटी की झलक तो दिखाई, लेकिन उसमें केवल बिटिया का पैर दिख रहा था और इसी के साथ उन्होंने बताया कि उसका नाम क्या रखा है। इसके बाद से दीपिका या रणवीर में से किसी ने भी बेटी के साथ कोई तस्वीर शेयर नहीं की है।

**दीपिका बेंगलुरु ट्रिप के दौरान बच्ची के साथ निकली थीं**

हालांकि, हाल ही में दीपिका बेंगलुरु ट्रिप के दौरान बच्ची के साथ निकली थीं। मां ने अपनी लाडली को इस तरह से कवर कर रखा था कि ये भी नहीं कहा जा सकता कि ये तस्वीरें उस दौरान की हैं।

एआई जेनरेटेड और एडिटेड हैं ये तस्वीरें

कहा जा रहा है कि ये तस्वीरें एआई जेनरेटेड हैं। ये तस्वीर 12 दिसंबर को पोस्ट की गई, जिसे एआई की मदद से बनाया गया है। वहीं शेयर दूसरी तस्वीर एडिटेड बताई जा रही हैं।

# टमाटर, पालक और चुकंदर का जूस पीने से उतर सकता है चश्मा!



**डॉक्टर मानते हैं क्या**

डॉक्टर कहते हैं कि टमाटर, पालक और चुकंदर पोषण से भरपूर सब्जियां हैं लेकिन इनका असर सीमित है। इन सब्जियों को खाने में शामिल करने से लंबे समय में आंखों की रोशनी बेहतर हो सकती है। इससे उम्र के साथ होने वाली आंखों की दिक्कत भी कम हो सकती है। इसके कई फायदे होने के बावजूद चश्मा उतारने का विकल्प नहीं माना जा सकता है।

*आंखों की रोशनी से जुड़ी दिक्कतें अब छोटे बच्चों को भी होने लगी हैं। इसलिए सभी को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। घरेलू उपायों के कारगर होने का दावा भी किया जाता है।*

**सस्ता नुस्खा, करेगा मदद!**

वीडियो में आंखों की रोशनी कमजोर होने पर अचूक नुस्खा बताने का दावा किया जा रहा है। इसमें इसे सस्ता और कारगर उपाय माना जा रहा है। इसमें देसी टमाटर, पालक, चुकंदर और खीरे को काटकर जूस बनाने की रेसिपी बताई गई है। इस जूस को रोज लंच के बाद पीने का सुझाव भी दिया गया है। इस जूस को पीने के बाद आंखों का चश्मा हटने का दावा वीडियो में किया जा रहा है।

**टमाटर की खासियत**

टमाटर में लायकोपेन और विटामिन सी के साथ एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो आई टिशू को ऑक्सिडेटिव नुकसान से बचाते हैं।

**पालक आंखों के लिए है नेचुरल सनब्लॉक**

पालक में ल्यूटिन, जिक्सानथिन और कैरोटेनॉइड होता है जो आंखों के लिए नेचुरल सनब्लॉक का काम करता है। इससे हानिकारक ब्लू लाइट फिल्टर होती हैं और उम्र के साथ आंखों को होने वाले नुकसान भी कम होते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन के लिए चुकंदर**

चुकंदर ऑप्टिक नर्व और रेटिना में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है। इसमें नाइट विजन और ड्राई आई के लिए जरूरी विटामिन ए भी होता है।

**नहीं होते यह फायदे**

ऊपर बताई गई सब्जियां आंखों के स्ट्रक्चरल इशू को ठीक नहीं कर सकती हैं जैसे कोर्निया के आकार, आईबॉल की लंबाई या लेंस की वजह से होने वाली दिक्कतें। जिनको चश्में उतारने हैं उन्हें डॉक्टर की सलाह के बाद लेसिक या कांटेक्ट लेंस ही लेने होंगे।

**रिजल्ट रहा यह**

सजग फैक्ट चेक टीम की जांच में वीडियो के दावे को आधा सच पाया गया है। डॉक्टर मानते हैं कि लंबे समय तक आंखें हेल्दी रखनी हैं तो आपको डाइट के साथ डॉक्टर के परामर्श का पालन भी करना होगा। चश्मे से हमेशा के लिए छुटकारा पाने के लिए भी टमाटर, चुकंदर और पालक का जूस काफी नहीं होगा।

# महिलाओं में 40 के बाद क्यों बढ़ जाती है वजाइनल ड्राइनेस

*40 की उम्र के बाद यानी मेनोपॉज के दौरान वजाइनल ड्राइनेस की समस्या बढ़ जाती है। मेनोपॉज के बाद वजाइनल ड्राइनेस की समस्या क्यों होती है और इससे बचने के लिए क्या करें, इसके बारे में बता रही हैं गुरुग्राम के मदरहुड हॉस्पिटल की ओब्स्टेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ सोनल सिंघल।*

**४० के बाद क्यों होती है वजाइनल ड्राइनेस?**

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं का शरीर बदलने लगता है। आमतौर पर महिलाओं का मेनोपॉज 50 की उम्र के आसपास होता है। लेकिन इसकी प्रक्रिया 5–6 साल पहले शुरू हो जाती है। इस स्टेज को पेरीमेनोपॉज कहते हैं। पेरीमेनोपॉज फेज में महिलाओं के शरीर में बदलाव होना शुरू हो जाता है। मोटापा बढ़ने लगता है, स्किन ड्राई होने लगती है, चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती हैं। नींद कम हो जाती है, मूड स्विंग, हॉट फ्लैश जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। ऐसा शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के कारण होता है। जब शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी होने लगती है तो वाजाइना में ड्राइनेस बढ़ने लगती है। वजाइनल ड्राइनेस के कारण योनि में में जलन, खुजली और फिजिकल रिलेशन के दौरान दर्द होता है।

**दवाइयों से भी होती है वजाइनल ड्राइनेस**

कई महिलाओं को एलर्जी, सर्दी–जुकाम, अस्थमा, डिप्रेशन आदि की दवाइयां लेने से वजाइनल ड्राइनेस की समस्या होने लगती है। कुछ महिलाओं को गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन से भी वजाइनल ड्राइनेस की तकलीफ होने लगती है। जो महिलाएं सिगरेट पीती हैं वो भी वजाइनल ड्राइनेस की समस्या से परेशान रहती हैं। ऐसी स्थिति में अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताएं ताकि आपको समस्या





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

का सही समाधान मिल सके। वजाइनल ड्राइनेस के अन्य कारण भी हो सकते हैं। संबंध बनाने के दौरान अगर महिला को वजाइनल ड्राइनेस की समस्या होती है तो उसे बहुत दर्द होता है। 40 की उम्र के बाद अगर किसी महिला को बार बार वजाइनल इंफेक्शन हो रहा है तो ये डायबिटीज का संकेत भी हो सकता है। वजाइनल इंफेक्शन में ब्लड टेस्ट कराएं। इससे आपको स्पष्ट हो जाएगा कि कहीं ये डायबिटीज का संकेत तो नहीं।

**वजाइनल ड्राइनेस का फिजिकल रिलेशन पर असर**

40 की उम्र के बाद कई महिलाओं को बार बार वजाइनल इंफेक्शन होने लगता है। ऐसा एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के कारण होता है। इसकी कमी से वजाइना के हेल्दी बैक्टीरिया लैक्टोबेसिलस कम होने लगते हैं और इंफेक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है। वजाइनल ड्राइनेस के कारण संबंध बनाते समय महिला को दर्द होता है। एस्ट्रोजन हार्मोन वजाइना में नमी बनाए रखता है और इंफेक्शन होने से भी बचाता है। वजाइनल ड्राइनेस की समस्या में संबंध बनाते समय होने वाले दर्द से बचने के लिए महिलाएं लुब्रिकेंट का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ओवरी रिमूवल का वजाइनल ड्राइनेस से संबंध**

जिन महिलाओं का अंडाशय और गर्भाशय 40 की उम्र से पहले निकाल दिया जाता है उन्हें समय से पहले मेनोपॉज हो जाता है। समय से पहले ओवरी निकालने के कारण पीरियड्स होने की प्रक्रिया बंद हो जाती है। इसे सर्जिकल मेनोपॉज कहते हैं। ऐसी महिलाओं को वजाइनल ड्राइनेस की तकलीफ होने लगती है। ऐसी महिलाओं को एचआरटी (हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी) लेने की सलाह दी जाती है।

**वजाइनल ड्राइनेस से बचने के लिए क्या करें?**

वजाइनल ड्राइनेस से बचने के लिए योनि की सफाई पर विशेष ध्यान रखें। इसके लिए नहाते समय और सोने से पहले वजाइना को पानी से अच्छी तरह धोएं। वजाइना को वॉश करने के लिए हार्श केमिकल वाले प्रोडक्टस का इस्तेमाल न करें। कॉटन की पैंटी पहनें और सोने से पहले पैंटी जरूर बदलें।
एस्ट्रोजन की कमी को पूरा करने के लिए डॉक्टर की देखरेख में हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी ले सकती हैं।



## कैंसर बना रहे खाने के ये तेल, जारी हुई चेतावनी, आप तो नहीं खा रहे

हाल ही में हुए सरकारी समर्थन वाले शोध में 80 से अधिक कोलन कैंसर मरीजों के ट्यूमर का विश्लेषण किया गया। यह पाया गया कि सनफ्लावर, कैनोला, कॉर्न, और ग्रेपसीड ऑयल जैसे तेलों के कारण शरीर में सूजन बढ़ सकती है, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इन ट्यूमर में बायोएक्टिव लिपिड्स (विशेष प्रकार के वसा) की अधिकता पाई गई, जो इन तेलों के मेटाबॉलिज्म के दौरान उत्पन्न होती हैं। ये लिपिड्स सूजन बढ़ाने, ट्यूमर को बढ़ावा देने, और शरीर की कैंसर से लड़ने की क्षमता को कमजोर करने के लिए जाने जाते हैं। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वास्थ्य मंत्री नामित रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर ने भी पहले कहा था कि ये तेल अमेरिकियों को अनजाने में जहर दे रहे हैं। हालांकि, अमेरिका के प्रमुख कैंसर और हृदय रोग संगठनों का कहना है कि संतुलित आहार में सीमित मात्रा में सीड ऑयल से कैंसर होने का कोई ठोस प्रमाण नहीं है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के डॉ. क्रिस्टोफर गार्डनर ने कहा कि सीड ऑयल का प्रयोग खाना पकाने में किया जाता है, न कि पीने में। उन्होंने यह भी जोड़ा, अगर वसा (फैट) की जरूरत हो, तो पौधे आधारित तेल (जैसे सीड ऑयल) का उपयोग करना बटर या लार्ड (जमावदार वसा) से बेहतर है। आज का औसत अमेरिकी प्रति वर्ष लगभग 100 पाउंड सीड ऑयल का उपयोग करता है। 1950 के दशक की तुलना में यह खपत 1,000 गुना बढ़ गई है।

## ठंड में नकली अंडे तो नहीं खा रहे? कैसे मिलेगी ताकत

आजकल बाजार में नकली अंडे मिल रहे हैं, जो दिखने में बिल्कुल असली अंडों जैसे होते हैं। लेकिन ये केमिकल और सिंथेटिक चीजों से बनाए जाते हैं, जैसे जिलेटिन, आर्टिफिशियल कलर और कोएगुलेंट्स । ये नकली अंडे दिखने में असली जैसे लग सकते हैं, लेकिन इनमें असली अंडों जैसे पोषक तत्व नहीं होते। उल्टा, इनमें मौजूद केमिकल सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं। इसलिए असली और नकली अंडों में फर्क पहचानना बहुत जरूरी है। असली और नकली अंडों में कई तरह के अंतर होते हैं। इन अंतरों को जानकर आप आसानी से नकली अंडों की पहचान कर सकते हैं। सबसे पहले, अंडे के छिलके को देखें। असली अंडे का छिलका थोड़ा खुरदुरा और दानेदार होता है। इसमें छोटी–मोटी खामियां भी हो सकती हैं। जबकि नकली अंडे का छिलका बिल्कुल चिकना और एक जैसा होता है। इसमें कोई खामी नहीं होती और यह असली अंडे के छिलके से ज्यादा चमकदार भी हो सकता है।

## टॉयलेट सीट पर चिपक जाती है पॉटी तो मल में आ रहा है फैट



सारे डॉक्टर पेट और पाचन को सही रखने पर जोर देते हैं, क्योंकि 90 प्रतिशत बीमारी यहीं से शुरू होती हैं। इसी वजह से कई सारी बीमारियों के बारे में मल को देखकर पता लगाया जा सकता है। इन बीमारियों में लिवर की बड़ी बीमारी फैटी लिवर भी शामिल है। डॉक्टर कुलबीर जाखड़ का कहना है कि चिपचिपा मल फैटी लिवर का संकेत हो सकता है। फैटी लिवर का लक्षण क्या है? कुछ लोगों का मल टॉयलेट सीट पर चिपक जाता है और इसे हटाने के लिए कई बार फ्लश करना पड़ता है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह लक्षण बताता है कि शरीर में अतिरिक्त फैट जा रहा है और पेट इसे पचा नहीं पा रहा है। यह फैट लिवर पर जमने लगता है। अगर आपकी पॉटी भी टॉयलेट सीट पर चिपक जाती है तो इस समस्या को नजरअंदाज न करें। डॉक्टर का कहना है कि यह फैटी लिवर हो सकता है। अगर आपको काफी समय से यह दिक्कत दिख रही है तो डॉक्टर की सलाह पर लिवर के टेस्ट करवा लें। ऐसा शरीर में बहुत सारा फैट जाने की वजह से होता है। खाने–पीने की कई सारी चीजें लिवर का फैट कम करती हैं। डॉक्टर का कहना है कि इसके लिए विटामिन ई फूड का सेवन करें। यह पोषक तत्व सूरजमुखी के बीज, बादाम, मूंगफली, कद्दू, लाल शिमला मिर्च में मिल जाएगा। एक्सपर्ट मानते हैं कि ब्लैक कॉफी से भी फैटी लिवर का इलाज होता है।



**अश्विन का इंटरनेशनल करियर**

रविचंद्रन अश्विन ने 2010 में भारत के लिए जिम्बाब्वे दौरे पर डेब्यू किया था। वह 2011 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2011 में ही वेस्टइंडीज के खिलाफ अश्विन का टेस्ट डेब्यू हुआ था। अपना 14 साल के इंटरनेशनल करियर में 38 साल के अश्विन ने 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले। टेस्ट में वह अनिल कुंबले के बाद सबसे ज्यादा 537 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। वनडे में 156 और टी20 में अश्विन ने भारत के लिए 72 विकेट लिए हैं। 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम में भी अश्विन शामिल थे। संन्यास के एक दिन बाद वह ऑस्ट्रेलिया से भारत लौट आए हैं।

## टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ के साथ अश्विन की मस्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैदान पर बेहद दृढ़ और कड़क नजर आने वाले रविचंद्रन अश्विन ड्रेसिंग रूम में पूरी तरह बदले हुए नजर आते हैं। वहां उन्हें अपने साथियों और सहयोगी स्टाफ के साथ मस्ती करने के लिए जाना जाता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अश्विन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद कुछ फुटेज जारी किए हैं जिसमें इस ऑफ स्पिनर को इनडोर नेट सुविधा में सहयोगी स्टाफ से गेंदबाजी का सबक लेते हुए दिखाया गया है। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मैदान पर कई मुकाबले यादगार रहे। लेकिन ये कुछ ऐसे पल भी हैं जो अश्विन को अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की याद दिलाएंगे।' वीडियो फुटेज में अश्विन को फील्डिंग कोच टी दिलीप, ट्रेनर सोहम देसाई, विश्लेषक हरि प्रसाद मोहन और मालिशिए अरुण कनाडे के साथ मस्ती करते हुए दिखाया गया है। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के दौरान कहा था कि ड्रेसिंग रूम की कई ऐसी यादें हैं जो ताउम्र उनके साथ बनी रहेंगी।

# मां रोने लगी तो पिता ने चूमा गाल, गले लगाया

### नेशनल ड्यूटी से रिटायर हुए अश्विन का घर पहुंचने पर हुआ स्वागत

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को बिना किसी शोरशराबे के स्वदेश लौट आए। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के स्थानीय अधिकारी अश्विन को बाहर लेकर आए। इस बीच प्रशंसकों ने उनकी तस्वीरें लीं और उन्होंने एक बाइट दी। इसके बाद वह काली कार में बैठकर वाइफ और बच्चों संग अपने घर चले गए। जब अश्विन घर पहुंचे तो वहां पूरी तैयारी थी। कार से उतरते ही उनका गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया।

नेशनल ड्यूटी से रिटायर हुए अश्विन जब घर पहुंचे तो उनके पिता बिल्कुल देसी अंदाज में उनके स्वागत में खड़े थे। उन्होंने बेटे के गाल को चूमा और





गले लगाया। साथ में अश्विन की मां भी थीं। वह भावुक नजर आ रही थीं। उनकी आंखों में आंसू थे। दूसरी ओर, भीड़ ने अपने हीरो का माला पहनाकर स्वागत किया। अश्विन से लोगों ने ऑटोग्राफ भी लिए। बता दें कि अश्विन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था।

अश्विन हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित क्लब क्रिकेट में खेलते रहेंगे। आईपीएल के अगले सत्र में वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह अनिल कुंबले के बाद भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 106 मैच में 537 विकेट लिए। कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन ने भारत के लिए 116 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 156 विकेट लिए, जबकि 65 टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 72 विकेट हासिल किए। अश्विन ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने करियर की शुरुआत 2010 में एक दिवसीय प्रारूप से की थी। इसके एक साल बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।


दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने फॉक्स क्रिकेट से कहा हमने खेल के बाद इस पर बात की और हम उनके जश्न से हैरान थे, खासकर मैच में हमारे प्रदर्शन को देखते हुए। हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैच में अपनी स्थिति को लेकर वह संतुष्ट थे।' पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हैडिन ने कहा, 'मैं यह देखकर हैरान रह गया।

# मेलबर्न पहुंचते ही आस्ट्रेलियाई मीडिया से हुई विराट कोहली की भिड़ंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। विराट कोहली और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के बीच तीखी बहस हुई। बॉक्सिंग डे टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम मेलबर्न पहुंच गई है। वहीं एयरपोर्ट पर यह घटना हुई। कोहली को लगा कि मीडिया उनके परिवार, खासकर उनके बच्चों की तस्वीरें ले रहा है। इससे कोहली नाराज हो गए। बाद में गलतफहमी दूर हुई। कोहली ने साफ किया कि उन्होंने कैमरों को अपने बच्चों की ओर इशारा करते हुए देखा था, जिससे उन्हें गुस्सा आया।

रिपोर्ट के मुताबिक, विराट कोहली ने एक टीवी रिपोर्टर पर गुस्सा जाहिर किया। कोहली को लगा कि कैमरे उनके बच्चों की फोटो और वीडियो कैप्चर कर रहा



है। इससे कोहली चिढ़ गए। कोहली ने कहा, मेरे बच्चों के साथ, मुझे थोड़ी प्राइवेसी चाहिए। आप बिना पूछे फिल्म नहीं कर सकते।

रिपोर्ट में एक पत्रकार के हवाले से कहा गया है, कैमरों को देखकर कोहली थोड़े गरम हो गए। यह एक गलतफहमी थी। उन्हें लगा कि मीडिया उनके बच्चों के साथ उनकी फिल्म बना रहा है। बाद में, गलतफहमी दूर हो गई। पता चला कि कैमरे बच्चों की तरफ नहीं थे। कोहली ने मीडिया से बातचीत करके मामला सुलझा लिया। कोहली हमेशा से अपने बच्चों की प्राइवेसी को लेकर सख्त रहे हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होना है। इस मैच की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। इस मैच को बॉक्सिंग डे टेस्ट भी कहा जाता है। 5 मैचों की सीरीज अभी 1-1 की बराबरी पर है। पर्थ में हुए पहले टेस्ट को भारत ने अपने नाम किया था। इसके बाद एडिलेड में हुए डे नाइट टेस्ट पर ऑस्ट्रेलिया ने कब्जा जमाया। ब्रिस्बेन में हुआ टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला बारिश की वजह से ड्रॉ रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट जितने वाली टीम से सीरीज हारने का खतरा हट जाएगा।

## रोहित शर्मा और अश्विन के बयान में अंतर क्यों?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अचानक बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए और उन्होंने दो लाइन में सभी को शुक्रिया कहा और अपना फैसला सुनाकर चलते बने। इसके बाद उन्होंने ब्रिस्बेन से फ्लाइट ली और आज सुबह चेन्नई घर पहुंच गए। यह घटनाक्रम जितना हैरान करने वाला रहा उससे भी हैरान करने वाला उनके और रोहित शर्मा के बीच बयानों में अंतर रहा। रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वह पर्थ में ही संन्यास लेना चाहते थे, लेकिन हमने एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेलने के लिए मनाया। अब अश्विन ने जो बयान दिया है वह थोड़ा अलग है। चेन्नई पहुंचने के बाद एएनआई सहित मीडिया को बाइट देते हुए अश्विन ने जो कहा वह रोहित के बयान से उलट है।

## न्यूज डायरी





### अश्विन के संन्यास पर अनुष्का शर्मा ने शेयर किया प्यारा मैसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम एक ट्रांजिशन फेस में चल रही है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट ड्रॉ होने के बाद रविचंद्रन अश्विन ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से अचानक रिटायरमेंट लेकर सबको हैरान कर दिया। अब हम आपको बताने जा रहे हैं ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए उन 3 खिलाड़ियों के बारे में जो कभी भी संन्यास का ऐलान कर सकते हैं। भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी कभी भी रिटायरमेंट का ऐलान कर सकते हैं। 37 साल के रोहित टेस्ट में काफी ज्यादा खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। वह लगातार बड़ी पारी खेलने में फ्लॉप हो रहे हैं। रोहित ने भी टी20 से संन्यास ले रखा है। 36 साल के विराट कोहली भी इंटरनेशनल क्रिकेट से जल्दी संन्यास ले सकते हैं, जिस चीज के लिए कोहली जाने जाते थे। अब वह उसी में फेल हो रहे हैं... यह चीज है निरंतरता। विराट निरंतरता से रन नहीं बना पा रहे हैं। वह बीच-बीच में बड़ी पारी खेलते हैं। वरना अक्सर छोटे स्कोर बनाकर आउट हो जाते हैं। कोहली भी अश्विन को देखकर शायद संन्यास का मन बना सकते हैं। 36 साल के भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी उन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हैं, जो शायद रिटायरमेंट ले सकते हैं। हालांकि ब्रिस्बेन टेस्ट में जड्डू ने 77 रन की अहम पारी खेली। बता दें कि जडेजा ने भी टी20 फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया है। ये तीनों खिलाड़ी अब आने वाली पीढ़ी को मौका देने के लिए यह कदम उठा सकते हैं।

### पृथ्वी को मुंबई की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए किया ड्रॉप?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 25 साल के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को मुंबई की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए टीम से ड्रॉप किया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पृथ्वी ने बल्ले से रन जरूर बनाए थे, लेकिन उन्हें फिटनेस की वजह से खूब आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्हें आईपीएल 2025 ऑक्शन में भी किसी भी फ्रेंचाइजी ने खरीदने में रुचि नहीं दिखाई। इस बीच उन्होंने हाल ही में एक इमोशनल मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा कि भगवान मुझे बताइये, मुझे और क्या-क्या देखना पड़ेगा। पृथ्वी के इस भावुक बयान के बाद एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें ये खुलासा हुआ है कि क्यों पृथ्वी को मुंबई की टीम ने ड्रॉप किया? आइए जानते हैं इसके पीछे की वजह। दरअसल, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने पृथ्वी को बाहर करने के अपने फैसले के पीछे की वजह का खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, चयनकर्ताओं के बीच उनकी फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है और इसने इस फैसले के पीछे की वजह उनकी फिटनेस है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के भीतर निर्णय लेने वाले अधिकारी स्थिति को अलग तरह से देखते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि शॉ को अपनी फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों पर काम करने की जरूरत है। उन्हें अपनी फिटनेस, अनुशासन और प्रदर्शन पर काम करने की जरूरत है। मुख्य मुद्दा फिटनेस है। आप मैच देखते हैं।

### आर अश्विन के अचानक संन्यास लेने के बाद पिता का सनसनीखेज खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गाबा टेस्ट मैच के ड्रॉ पर खत्म होने की वजह से जहां भारतीय फैंस खुशी मना रहे थे, तो वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहुंचे आर अश्विन ने एक बड़ा एलान किया। अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर फैंस को पल में मायूस कर दिया। अचानक से संन्यास लेने के इस फैसले के बाद लगातार कई सवाल खड़े होने लगे। वहीं, संन्यास लेने के अगले दिन यानी आज अश्विन अपने घर चेन्नई लौट चुके हैं, जहां परिवार ने उनका जोरदार स्वागत किया। अश्विन के पिता ने सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि अश्विन को टीम इंडिया में अपमानित किया गया और इस वजह से उन्हें मजबूरी में संन्यास लेना पड़ा। दरअसल, आर अश्विन के पिता ने ये बताया कि उन्हें खुद आखिरी मोमेंट में ये पता चला कि अश्विन संन्यास ले रहे हैं। पिता ने आगे कहा कि उनके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उसने बस तुरंत फैसला लिया। लेकिन जिस तरह से उन्होंने संन्यास की घोषणा की, उससे एक तरफ मैं बहुत खुश था, दूसरी तरफ मैं खुश नहीं था क्योंकि उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए था।

सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर बैठक करते हुए डीएम।



हमारा दून

# मसूरी ट्रैफिक पर एक्शन प्लान को लागू करने की तैयारी

**समीक्षा**

■ मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के साथ की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। मसूरी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुविधाजनक, आसान एवं सुव्यवस्थित करने को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में जिला प्रशासन देहरादून एवं पुलिस विभाग द्वारा तैयार एक्शन प्लान की समीक्षा की।

एक्शन प्लान के तहत मसूरी में ट्रैफिक की समस्या के निवारण के लिए इनोवेटिव समाधानों पर कार्य करते हुए सत्तशील तथा पर्यावरणीय हितकारी शैली को अपनाया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटकों के यात्रा अनुभव को भी और अधिक सुखद एवं आरामदायक बनाया जाएगा। एक्शन प्लान के तहत स्थानीय लोगों एवं समुदायों को भी लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। नए एक्शन प्लान के तहत शहर में पार्किंग की व्यवस्था पूरी हो जाने के पश्चात् पर्यटकों को पार्किंग स्थलों से अपने गंतव्य स्थलों तक शटल सर्विस तथा गोल्फ कार्ट की सुविधा प्राप्त होगी। जब हाथीपांव पर पार्किंग की व्यवस्था पूरी हो जाएगी तो इसका प्रारम्भिक रूट किनक्रेग से पिक्चर पैलेस तथा गांधी चौक रहेगा।



पीक सीजन के दौरान यह शटल सर्विस विशेष रूप से संचालित की जाएगी। इसमें स्थानीय रिक्शा चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे स्थानीय आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। हाथीपांव बैंड पर किनक्रेग तथा सैटेलाइट पार्किंग को चिह्नित किया गया है। यहां पर पुलिस बूथ, शटल बूथ, पार्किंग, लाइटिंग, सुरक्षा तथा जन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। स्थानीय टैक्सी सर्विस संचालकों के साथ समन्वय किया जाएगा ताकि रोजगार के नए अवसर सृजित हो तथा सेवाओं में सुधार हो।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न माध्यमों से शटल सर्विस के प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं एवं संतुष्टि के लिए शटल सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग तथा समीक्षा के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएस ने शटल सर्विस की सफलता के लिए ट्रैफिक फ्लो के विश्लेषण तथा पर्यटकों के फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त देहरादून को मसूरी तथा देहरादून में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए पर्याप्त संख्या में कैटल केचर की व्यवस्था एवं उपयोग हेतु निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि मसूरी में स्थानीय निवासियों तथा पर्यटकों के दबाव से टूरिस्ट तथा ट्रैफिक भीड़ की समस्या, निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग तथा सीमित पार्किंग स्पेस तथा पर्यावरणीय कारणों से ठोस एवं प्रभावी ट्रैफिक प्लान का क्रियान्वयन आवश्यक है। एक्शन प्लान के तहत पार्किंग स्थलों पर पर्यटकों एव यात्रियों की सुविधा तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए पुलिस बूथ स्थापित किए जाएगे। पार्किंग के रियल टाइम डाटा की जानकारी के लिए एक एप्प की भी शुरूआत की जाएगी।

## शहर के बाहरी इलाकों में 28 सैटेलाइट पार्किंग स्थानों की पहचान

जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मसूरी में यातायात की भीड़भाड़ की समस्या को दूर करने के लिए शहर के बाहरी इलाकों में 28 सैटेलाइट पार्किंग स्थानों की पहचान की गई है, जो सड़क के किनारे रणनीतिक रूप से स्थित हैं। इन निर्दिष्ट स्थानों पर, पर्यटक अपने वाहन पार्क करेंगे और मसूरी में आगे की यात्रा के लिए शटल सेवाओं का उपयोग करेंगे। इस पहल का उद्देश्य शहर के केंद्र में निजी वाहनों की आमद को कम करना, यातायात प्रवाह को सुचारू बनाना, आगंतुकों की सुविधा को बढ़ाना और क्षेत्र के प्राकृतिक आकर्षण को संरक्षित करना है।

# अगली बैठक में न दिखे पीपी एक्ट का कोई भी प्रकरण

**बैठक**

■ पीपी एक्ट में प्रकरण डालकर अपनी जिम्मेदारियों से नहीं हो सकते विभाग विमुखः डीएम

सभी विभाग 15 जनवरी से पूर्व अपनी भूमि से हटाए चिह्नित अतिक्रमण

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने और विभागीय लैंड बैंक तैयार करने के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई करें। सरकारी सम्पत्तियों पर अतिक्रमणों के मामले पीपी एक्ट में सुनने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पीपीएक्ट के प्रकरण सरकारी भूमि पर नही बल्कि भवन पर लागू होता है, पीपीएक्ट का कोई भी बहाना स्वीकार नही किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपजिलाधिकारियों पीपी एक्ट के 21 दिन में निस्तारण करें। बैठक में कोई भी पीपी एक्ट में मामला न दिखे। उन्होंने कहा कि पीपी एक्ट का हवाला डालते हुए अपनी जिम्मेदारियों से विमुख नही हो सकते हैं, अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही किया जाना जरूरी है इसके लिए विभाग प्रभावी कार्य करें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी–अपनी संपत्तियों से हटाए गए अतिक्रमण का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करें। लैंड बैंक तैयार करने के लिए भूमि का सही और अद्यतन डेटा सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय स्थापित करके अपनी कार्ययोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों के समाधान के लिए राजस्व और न्यायिक विभाग को तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कब्जाधारियों को नोटिस देकर समयसीमा के भीतर भूमि खाली कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि का संरक्षण प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा चिन्हित किए गए अतिक्रमण को 15 जनवरी से पूर्व हटा लिया जाए। बैठक में प्रतिभाग न करने पर एक्सियन एनएच एवं अधिशासी अधिकारी हरर्बटपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी विभागों से अपनी संपत्तियों पर अतिक्रमण की स्थिति पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए तुरंत नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अब उत्तराखंड निवास में आम लोगों को भी मिलेगी ठहरने की सुविधा

**संवाददाता** देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि नई दिल्ली में नवनिर्मित उत्तराखंड निवास आम जन के लिए भी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए कहा कि उत्तराखंड निवास में कक्ष आरक्षण के लिए जारी शासनादेश को तत्काल संशोधित किया जाए और उत्तराखंड के आम व्यक्ति को भी उपलब्धता के आधार पर वहां कक्ष मिल सके ऐसी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने दरों का भी पुनर्निर्धारण करने के निर्देश दिए है। बुधवार को जारी शासनादेश को सीएम धामी ने संशोधित करने के निर्देश दिए।

### बार एसोसिएशन ऋषिकेश की नई टीम ने ली शपथ

**संवाददाता** ऋषिकेश। बार एसोसिएशन ऋषिकेश की नवनिर्वाचित टीम ने गुरुवार को शपथ ली। मुख्य चुनाव अधिकारी ओंकार सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सजवाण ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। कोर्ट परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य चुनाव अधिकारी ओंकार सिंह चौधरी और राजीव खेड़ा ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। बीती 16 दिसंबर को बार एसोसिएशन के चुनाव हुये थे, जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र सिंह सजवाण ने 18वीं बार जीत हासिल की।

### एनजीए की वंशिका कुमारी को उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान

**संवाददाता** ऋषिकेश। एनजीए खैरीकलां ऋषिकेश की कक्षा 12 की छात्रा वंशिका कुमारी को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान से नवाजे जाने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है। गुरुवार को एनजीए के संचालक संत बाबा जोध सिंह ने वंशिका को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता शर्मा, हेडमिस्ट्रेस अमृतपाल डंग, प्रशासनिक अधिकारी विनोद बिजल्वान, खेल विभाग के शिक्षक दिनेश पैन्यूली और पूनम चौहान ने भी वंशिका को सम्मानित किया।

### हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने वारंट रूपांतरण के बदले शेयर आवंटित किए

**संवाददाता** देहरादून। इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण अनुबंध सेवाओं में अग्रणी कंपनी, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने वेस्ट मिडलैंड्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को वारंट के रूपांतरण के बदले शेयर आवंटित किए हैं। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने 'स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड' के कंपनी यानी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड में विलय के लिए सिद्धांत रूप से अनुमोदन दिया है।

### निकाय, पंचायतों को उनके अधिकार सुनिश्चित कराएगी कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। निकायों और पंचायतों को उनके अधिकार सुनिश्चित कराने को कांग्रेस अभियान शुरू करेगी। निकायों, पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाने को 73 वें और 74 वें संविधान संशोधन को लागू कराया जाएगा। कांग्रेस पंचायत राज संगठन के प्रदेश प्रभारी दिलीप राठौड़ ने निकायों की मजबूती पर जोर दिया। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से प्रदेश प्रभारी राठौड़ ने पंचायत और शहरी निकायों की मजबूती पर जोर दिया। कहा की 73 वें और 74 वे संशोधन की नींव 64 वें संशोधन में ही पड़ गई थी। उस समय कांग्रेस के पास लोकसभा में बहुमत था, लेकिन राज्यसभा में संख्या बल न होने की वजह से विधेयक पारित नहीं हो पाया। आगे चल कर कांग्रेस की सरकारों ने इस विधेयक को दोनों ही सदनों से पारित करवाया। कहा की पंचायती राज राज्य सूची का विषय है, केंद्रीय और समवर्ती सूची का नहीं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+
Scan This Code
Read News
Watch News Channel





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।